
# विद्यार्थी पोर्टल पर लॉगिन करें

वेबसाइट https://studentportal.scsa.wa.edu.au पर विद्यार्थी पोर्टल पर लॉगिन करें।




पनी **डब्ल्यूए विद्यार्थी सँख्या (WA student number)** एंटर करें, जो आपको अपनी स्कूल रिपोर्ट/टों में मिल सकती है। यह आपके स्मार्टराइडर (SmartRider) में भी हो सकती है। आपका पासवर्ड आपके पारिवारिक नाम और जन्मतिथि का संयोजन है – **Nnddmmyyyy**:


- **Nn** = आपके पारिवारिक नाम के पहले दो अक्षर: पहला बड़े अक्षर (A–Z) और दूसरा छोटे अक्षर (a–z) के रूप में, विराम-चिह्नों या रिक्त-स्थानों को छोड़कर
- **ddmmyyyy** = आपकी जन्मतिथि – दिवस माह वर्ष - के प्रारूप में।

यह इंगित करने के लिए कि आपने उपयोग की शर्तों को पढ़ और समझ लिया है, ऊपर हाइलाइट किए गए चौखाने में सही का निशान लगाएँ और विद्यार्थी पोर्टल में प्रवेश करने के लिए ऊपर हाइलाइट किए गए **लॉगिन (Login)** बटन पर क्लिक करें।


**अपना व्यक्तिगत ईमेल पता सेट करें**

पहली बार लॉगिन करते समय आपको अपना व्यक्तिगत ईमेल पता एंटर करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। ऐसा ईमेल पता चुनें जिसका उपयोग आप अक्सर करते/करती हैं और नीचे हाइलाइट किए गए **सेट (Set)** बटन पर क्लिक करें।


नोट: आपको एक व्यक्तिगत ईमेल पते का उपयोग करना चाहिए ताकि स्कूल की पढ़ाई पूरी कर लेने पर जब आपके स्कूल के ईमेल पते की समय-सीमा समाप्त हो जाए, तो उसके बाद भी आप विद्यार्थी पोर्टल पर प्रवेश कर सकें।




इस ईमेल पते पर एक पुष्टिकरण ईमेल भेजी जाएगी।





अपने व्यक्तिगत ईमेल खाते में जाएँ और प्राधिकरण (Authority) से प्राप्त हुई ईमेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करके (नीचे उदाहरण को हाइलाइट किया गया है) अपने ईमेल पते की पुष्टि करें तथा अपना पंजीकरण पूरा करें।



**अपना नया पासवर्ड सेट करें**
अपने ईमेल पते की पुष्टि करने के बाद आपको अपना पासवर्ड रिसेट करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

आपके नए पासवर्ड में कम से कम आठ चिह्न होने चाहिए: जिनमें से कम से कम एक अंक (0–9), कम से कम एक बड़ा अक्षर (A–Z) और कम से कम एक छोटा अक्षर (a–z) होना चाहिए। एक ऐसा नया पासवर्ड चुनें जिसे याद रखना आसान हो और इसे किसी सुरक्षित स्थान पर रखें।

नए पासवर्ड की पुष्टि करने के लिए अपना नया पासवर्ड फिर से एंटर करें। अपना नया पासवर्ड रिसेट करने के लिए नीचे हाइलाइट किए गए **रिसेट (Reset)** बटन पर क्लिक करें।




**अपनी विद्यार्थी घोषणा और अनुमतियाँ (Student Declaration and Permissions) पूरी करें**
अपना नया पासवर्ड सेट करने के बाद आपको **विद्यार्थी घोषणा और अनुमतियाँ** पृष्ठ पर ले जाया जाएगा, जिसमें *वर्ष 12 की सूचना पुस्तिका* में निर्धारित की गई वेस (WACE) आवश्यकताओं और नियमों के अनुपालन के बारे में जानकारी और ईएएल/डी (EAL/D) कोर्सों में भर्ती की पात्रता पर प्रतिबंधों के बारे में आपकी जागरुकता शामिल है।


यह इंगित करने के लिए कि आपने जानकारी की शर्तों को पढ़ और समझ लिया है, नीचे हाइलाइट किए गए चौखाने में सही का निशान लगाएँ और नीचे हाइलाइट किए गए **सबमिट (Submit)** बटन पर क्लिक करें।



यदि आपको पुरस्कार (award) प्राप्त हो, तो आपके परिणामों का उपयोग करने के लिए तथा मीडिया संचार में आपकी पहचान प्रकट किए बिना अन्य स्कूलकार्य का उपयोग करने के लिए प्राधिकरण (Authority) आपकी अनुमति लेता है।

**प्रत्येक कथन (Each statement)** के लिए नीचे हाइलाइट किए गए **हाँ (Yes)** या नहीं **(No)** पर क्लिक करें।

प्रत्येक कथन का उत्तर देने के बाद विद्यार्थी पोर्टल में प्रवेश करने के लिए नीचे हाइलाइट किए गए **सबमिट (Submit)** बटन पर क्लिक करें।


Student to complete
*Please click on the appropriate response to indicate your answer. You must answer each question.*

I give permission for

| | | |
|---|---|---|
| (a) | my name to be published in the media should I win a School Curriculum and Standards Authority award. | YES NO |
| (b) | the Authority to use my school work produced during 2020. (no names used) | YES NO |
| (c) | the Authority to use my ATAR written and practical examination responses. (no names used) | YES NO |
| | I have discussed my responses to the above questions with my parents/guardians or I am 18 years of age or over. | YES NO |

Once you have submitted your responses, you will be unable to make changes online. If you need to make any changes to your responses at a later date, you will need to contact the Authority.

LOGOUT SUBMIT

नोट: अगली बार विद्यार्थी पोर्टल पर लॉगिन करते समय आपको केवल अपनी **डब्ल्यूए विद्यार्थी सँख्या (WA student number)** और अपना **नया पासवर्ड (new password)** एंटर करना होगा।